प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 26.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार भीषण गर्मी और हीटवेव से लोगों को राहत देने के लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित कर रही है। आज जयपुर के सेन्ट्रल पार्क में पत्रकारों से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए भी सभी कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आमजन से पशु पक्षियों को दाना पानी और चारे की उपलब्धता के लिए सरकार का सहयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन और नगर निकायो की और से आवश्यक इंतजाम किए जा रहे है। बाजारों, बस स्टेण्ड और सार्वजनिक स्थानों पर छाया और पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। इस बीच प्रदेश में प्रचंड गर्मी और तेज लू के हालात बने हुए है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ भागों में अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस बढोतरी होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार बीकानेर और जोधपुर संभाग में तेज लू का दौर आगामी तीन–चार दिन तक जारी रहेगा। विभाग ने कल से तीन दिनों के दौरान जोधपुर, बीकानेर, अजमेर और जयपुर संभाग में आंधी चलने की संभावना जताई है। कृषि विभाग ने तेज गर्मी को देखते हुए किसानों से जायद और नरमा कपास की फसलों को बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। कृषि विज्ञान केन्द्र ने मुर्गी पालको को भी गर्मी को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करने की सलाह दी है। प्रदेश में विभिन्न संगठनों की ओर से पशु पक्षियों को तेज गर्मी से राहत देने के लिए प्रबंध किये जा रहे है। बाडमेर में आज लोगों को निःशुल्क परिंडे बांटे गये। फलौदी में प्रचंड गर्मी के बीच गौशालाओं में गौवंश को तापघात से बचाने के लिए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए है। कलेक्टर एच एल अटल ने विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण कर छाया, पानी और चारे की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने गौशालाओं में पानी का छिडकाव करने और पशुओं का रजिस्टर अपडेट रखने के निर्देश दिए।

....

जयपुर हेरिटेज नगर निगम की ओर से आज नाहरगढ़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान निगम अधिकारियों के साथ विभिन्न संस्थाओं और संगठनों से जुडे लोगों ने साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। निगम की ओर से बीते दिनों आमेर में भी इसी तरह का अभियान चलाया गया था।

....

जयपुर के नाहरगढ जैविक उद्यान से पर्यावरण प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। जैविक उद्यान में दरियाई घोड़े ने एक बच्चे को जन्म दिया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मां और बच्चा दोनो स्वस्थ है। जैविक उद्यान में ये दूसरा मौका है जब हिप्पो का जन्म हुआ है।
उद्यान में कुछ दिन पहले रानी नाम की बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया था। गौरतलब है कि प्रदेश के जैविक उद्यानों में केवल नाहरगढ में ही दरियाई घोडे का परिवार मौजूद है।

....

बूंदी के बसोली मोड के पास आज एक पिकअप के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई और सात व्यक्ति घायल हो गये। सूचना मिलने पर हिण्डोली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बूंदी के ही रायथल थाना क्षेत्र में ट्रक पलटने से उसके नीचे दबने से ड्राइवर की मृत्यु हो गई।

....

अजमेर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर ध्वजारोहण के साथ ही आज से पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह के कार्यक्रम शुरू हो गए है। स्मारक पर दुर्गा माता मंदिर में ध्वज का पूजन करने के बाद मुख्य अतिथियों ने ध्वजारोहण किया। नगर में पृथ्वीराज चौहान पर लिखित मत चूके चौहान पुस्तक का वितरण किया गया।

....

आईपीएल क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में आज सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाईटराइडर्स के बीच खिताबी भिडंत होगी। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होने वाले मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में उल्लास का माहौल है।

आईपीएल में दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गये 27 मुकाबलों में से 18 में कोलकाता ने और 9 में हैदराबाद की टीम ने जीत हांसिल की है। कोलकाता नाईटराईडर्स 17 सीजनों में से 3 बार फाइनल में पहुंची है और दो बार खिताब जीता है, जबकि सनराईजर्स हैदराबाद एक बार विजेता रही।

....